payal studio 9416479324

3

REPORT - National Seminar on Road Safety

राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा में आयोजित एक दिवसीय **Road Safety** सेमीनार की रिपोर्ट

1. राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा में 8 मार्च 2019 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस महाविद्यालय के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी का यह प्रथम प्रयास रहा। इस प्रथम प्रयास में ही राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 बलबीर शर्मा के नेतृत्व में महाविद्यालय ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कार्यशैली का परिचय दिया। जिसमें कार्यक्रम संयोजक डा0 सुनील कुमार शर्मा व Road Safety club एवं महाविद्यालय के सभी Teaching or non- teaching सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा (भिवानी) को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तारपूर्वक कार्य किया गया जिसमें संपूर्ण महाविद्यालय का विभिन्न टीमों के माध्यम से इस प्रकार प्रयास रहा। जिसकी रूपरेखा इस प्रकार –

नामांकन टीम–

ने सुबह 8:30 बजे से ही अपना कार्य आरंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन चार सत्रों में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की व मुख्य अतिथि Key note speaker श्री हिमांशु पांडे मुख्यमंत्री सुसासन सहयोगी ने विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने सड़कों की व्यवस्था को सुधारने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में दुनिया भर के यातायात के साधनों की भरमार है। एक घर में कई–कई साधन हैं। नियमों की अवहेलना की जा रही है। लोग नियमों को तोड़कर दुर्धघटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। सड़कों की सुरक्षा सुधार हमारा मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने अंतोदय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि एक ही छत के नीचे 36 विभागों का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 बलबीर शर्मा को बधाई दी कि उन्होंने कहा पहली बार इस पिछड़े इलाके में इस प्रकार का आयोजन उनके अथक प्रयास का प्रतिफल है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्राचार्य महोदय व हम C.M साहब से मिलकर आपकी समस्या का तुरंत निदान करवाएंगे। महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।

इसी सत्र में छात्राओं व भागीदारों ने सुसासन सहयोगी जी से अनेक प्रश्न पूछे जिनके उन्होंन स्टीक उतर दिए। प्राचार्य महोदय ने उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम के संयोजक डा0 सुनील कुमार शर्मा ने प्रतिभागी, छात्राओं एंव समस्त स्टाफ को जलपान के लिए आमंत्रित किया।

07/6/19

PRINCIPAL
Govt. College for Women
BAWANI KHERA (Bhiwani)

2. दूसरा स्तर तकनीकी स्तर के रूप में चला। मच संचालक डा0 पंकज शर्मा ने व डा0 सुनील कुमार शर्मा ने व्यवस्था को संभाला और मुख्य वक्ता Road Safety Associate Bhiwani श्री प्रिंस वर्मा ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारी छात्राओं को दी। एक Video Film के माध्यम से श्री वर्मा ने छात्राओं को यह बताया कि दो पहिया वाहनों से दुर्धघटनाओं को ज्यादा बल मिलता है।
महाविद्यालय की सभी छात्राओं को यह भी पता चल पाया है कि हिन्दुस्तान में 1 घन्टे में 17 मौत सड़क पर लापरवाही के कारण होती हैं। जेब्रा कॉसिंग, वन–वे नियमों की अवहेलनां हैल्मेट का प्रयोग, ड्राइविंग लाइसेंस का न होना, दो पहिया वाहन पर कई सवारियों का बैठना दुर्घटनाओं को जन्म देता है। इस स्तर में छात्राओं को Video Film दिखाकर समझाया गया कि जीवन अनमोल है। इसकी सुरक्षा अपने परिवार की सुरक्षा है। सीट बैल्ट लगाने से घटना से बचा जा सकता है। इस स्तर के अंत में प्राचार्य डा0 बलबीर शर्मा ने दोनों वक्ताओं का धन्यवाद किया व कार्यक्रम Seminar के संयोजक ने मुख्य अतिथि व मेहमानों को भोजन के लिए आमंत्रित किया। तृतीय स्तर में तकनीकी स्तर रहा। इस स्तर में मुख्य अतिथि SDM भिवानी श्री अजय चौपड़ा रहे। उन्होनें अपने वक्तव्य में छात्राओं को बताया कि छोटी–छोटी लापरवाहीयां हमारे जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकती हैं। SDM साहब ने अपने बचपन की एक घटना को माध्यम बनाकर छात्राओं को समझाया कि प्रशिक्षण के बिना किसी कार्य को करना खतरे से खाली नहीं। यातायात के नियम हमेशा हमारे सहयोगी होते हैं और दुर्घटनाओं से हमें बचाते हैं अंतिम स्तर समापन स्तर रहा जिसके अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता प्राचार्य डा0 बलबीर शर्मा रहे। प्राचार्य महोदय ने छात्राओं को सड़क पर चलने एंव सड़क से संबंधित विभिन्न नियमों एवं पद चिह्नों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। सभी मेहमानों व मुख्य अतिथियों का Vote of Thanks श्री डा0 धर्मबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त परिवार ने इस आयोजन के होने में खुशी जाहिर की। जन–गण–मन अधिनायक........राष्ट्रीय गान गा कर कार्यक्रम का समापन किया।

प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय
बवानीखेडा

PRINCIPAL
Govt. College for Women
BAWANI KHERA (Bhiwani)


1/4/2019


payal studio-9416479324
GOVT. COLLEGE FOR WOMEN BAWANI KHERA (BHIWANI)
Organize
National Seminar
on
Challenges in Road Safety
2019 (Friday)
Commissioner Haryana,
राजकीय महिला महाविद्यालय
बवानी खेड़ा
payal studio-9416479324


payal studio-9416479324
National Seminar
Challenges in Road Safety
payal studio-9416479324


payal studio-9416479324
GOVT. COLLEGE FOR WOMEN BAWANI KHERA (BHIWANI)
Organize
Seminar
in Road Safety
arch, 2019 (Friday)
Sponsored by
Commissioner Haryana.
payal studio-9416479324


payal studio-9416479324
Safe Drive
payal studio-9416479324


payal studio-9416479324
ALWAYS
BE
CAREFUL

Danik Jagran 10.3-2019

# यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचें वाहन चालक




कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित सुशासन सहयोगी हिमांशु पांडेय व अन्य अतिथि।

**संवाद सहयोगी, बवानीखेड़ा :** मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी हिमांशु पांडेय ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का पालन अवश्य ही करना चाहिए। यातायात के नियमों के सहारे हम सड़क दुर्घटना से बच सकते है। यह बात उन्होंने कस्बा के राजकीय महिला विद्यालय में दो दिन तक चले सड़क सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए कही।

सेमिनार को संबोधित करते हुए प्राचार्य बलबीर शर्मा ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक होना होगा, तभी जाकर सड़कों हादसों से बचा जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर छात्राओं से भी आग्रह किया कि वे दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अवश्य ही प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मुख्य वक्ताओं को आश्वासन दिया कि वे यातायात के नियमों का अवश्य ही पालन करें और दूसरे को भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।